### एक नजर में

## निमाड़ के लोक साहित्यकार स्वर्गीय बाबूलाल सेन को किया याद



**महेश्वर, निप्र ।** निमाड़ी लोक साहित्य और लोक बोली के तहत लगभग 15 पुस्तकों का लेखन कर चुके वरिष्ठ साहित्यकार तथा लोक कवि स्व.बाबूलाल जी सेन की पुण्यतिथि पर महेश्वर के लोक साहित्यकारों ने उनका स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर लोक साहित्यकारों और लोक कलाकारों द्वारा काव्य गोष्ठी तथा निमाड़ की लोक कलाओं पर चर्चा करते हुए दादा के साहित्य और उनके स्मरणों को भी याद किया । लोक साहित्यकार मनीष पाटीदार तथा धन सिंह सेन ने लोक बोली निमाड़ी में साहित्यिक रचना के माध्यम से आदरणीय दादा को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं लोक गुंजन नाट्य संस्था के रंगकर्मी कृष्ण लाल विश्वकर्मा ने स्वर्गीय दादा बाबूलाल जी सेन की स्मृतियों को याद करते हुए उनके द्वारा लिखे गए साहित्य, नाटक ,लोक कविताओं को वर्तमान के उभरते कलाकारों के लिए प्रेरणा स्रोत बताया । कृष्ण लाल विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में कहा की महेश्वर के सभी लोक कलाकारों और साहित्यकारों को एकत्रित होकर स्वर्गीय बाबूलाल जी सेन के साहित्य को सृजन करने के साथ ही उन्हें सुरक्षित करने का प्रयास करना चाहिए ताकि वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को हम बाबूलाल जी सेन द्वारा लिखित लोक साहित्य और लोक बोली के साहित्य को पहुंचा सके । वर्तमान दौर में ,बाबूलाल जी सेन द्वारा लिखित साहित्य हम सभी के लिए एक शिक्षक की भांति कार्य कर रहा है अगर हम जागृत होकर दादा के साहित्य को सृजित और सुरक्षित नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को साहित्य और निमाड़ी लोक कला के क्षेत्र में हम कुछ संपदा नहीं दे पाएंगे ।

## सिख समाजजनों ने किया छबील का वितरण



**बड़वाह, निप्र ।** सिक्खों के पांचवे गुरु, शहीदों के सरताज, महान शांति के पुंज, गुरुवाणी के बोहिथ, श्री गुरु अर्जन देव साहिब जी एक महान कवि, लेखक, देशभक्त, समाज सुधारक, लोकनायक, परोपकारी और ब्रह्मज्ञानी थे, आप का जीवन सहजता, पराक्रम और ज्ञान का मनोहारी चित्रण था, सिख धर्म में गुरु जी के इस कार्यकाल को गुरुमत का मध्यान्ह माना जाता है। आप ने शहादत का जाम पीते समय अपने शीश पर डाली गई गर्म रेत की तपस को सहजता से सहन किया, उबलती हुई देग (उबलते हुए पानी का बड़ा बर्तन) में उन्हे बैठाया गया और तो और तपते हुए तवे पर आपने बैठकर, उस अकाल पुरख के भाणे को मीठा मानकर, स्वयं शहादत प्राप्त कर ली परंतु अपने धर्म के उसूलों पर आंच तक नहीं आने दी थी। उक्त उद्गार श्री गुरु सिंघ सभा, बड़वाह प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार सुरेंदर सिंह भाटिया नर्मदा रोड स्थित रोकड़िया जी के घर के सामने आयोजित छबील की सेवा में कहे समिति के सचिव द्वय सरदार परविंदर सिंह एवं सरदार गुलबीर सिंह ने बताया कि पांचवे गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहादत दिवस पर बड़वाह सिक्ख समाज द्वारा इसके पूर्व भी छबील का आयोजन किया। समिति के मीडिया प्रभारी सरदार सतविंदर सिंह भाटिया ने बताया कि पंचम गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी के सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर पिछले कई वर्षों से समस्त सिख संगत द्वारा छबील वितरण का आयोजन किया जाता है। श्रद्धालुओं एवं राहगीरों ने आयोजित किये गए इस आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की इस दौरान हरविंदर सिंह,जितेंदर सिंह,रविंदर सिंह, जसबीर सिंह, हरभजन सिंह, त्रिलोचन सिंह, गुरुबख्श सिंह,रोकड़िया मित्र मंडल के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कसरावद, निप्र ।** पुलिस मुख्यालय भोपाल, पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) श्री अनुराग जी, पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती शकुंतला रुहल जिला खरगोन के निर्देशानुसार आज दिनांक 24 जून 2026 से प्रारंभ हुए राज्य स्तरीय सायबर जागरूकता अभियान 'SAFE CLICK-2026' के द्वितीय संस्करण के अंतर्गत थाना कसरावद द्वारा स्थानीय बस स्टैंड कसरावद पर विशेष सायबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन के नेतृत्व में आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को इंटरनेट एवं डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना तथा समाज में 'सायबर स्वच्छता (Cyber Hygiene)' की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान बस स्टैंड क्षेत्र में उपस्थित लगभग 60 से 70 नागरिकों को विभिन्न प्रकार के सायबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड, बैंकिंग एवं यूपीआई संबंधी ठगी तथा ओटीपी धोखाधड़ी से बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। नागरिकों को बताया गया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपना OTP, बैंक खाता विवरण, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी अथवा अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों द्वारा सायबर सुरक्षा संबंधी पोस्टर एवं बैनर प्रदर्शित किए गए तथा जागरूकता पम्पलेट वितरित कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। उपस्थित नागरिकों को राष्ट्रीय सायबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं राष्ट्रीय सायबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारी देते हुए सायबर अपराध की स्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।

# पोषण पुनर्वास केंद्र में जल्द होंगे 20 बेड

## पोषण पुनर्वास केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम में बोले विधायक बिरला

नवभारत न्यूज

**बड़वाह, निप्र ।** विधायक सचिन बिरला ने कहा कि बहुप्रतिक्षित पोषण पुनर्वास केंद्र की स्थापना से क्षेत्र के कुपोषित बच्चों को त्वरित चिकित्सा मिल सकेगी। पोषण पुनर्वास केंद्र की क्षमता को जल्द ही 10 से बढ़ाकर 20 बिस्तरीय किया जाएगा।

केंद्र में 6 माह से 5 वर्ष तक के कुपोषित बच्चों को वजन बढ़ाने एवं स्वस्थ करने के लिए पौष्टिक दलिया,दूध और नि:शुल्क औषधियाँ दी जाएंगी। चिकित्सा के दौरान बच्चे की माता अथवा एक परिजन को 14 दिनों तक शासन की ओर से प्रतिदिन 120 रु.पारिश्रमिक के रूप में दिए जाएंगे।

**कुपोषित बच्चों को समय पर समुचित चिकित्सा मिल सकेगी:-** नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि पोषण पुनर्वास केंद्र की स्थापना से सुदूरवर्ती ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के कुपोषित बच्चों को समय पर समुचित चिकित्सा मिल सकेगी। बड़वाह शासकीय चिकित्सालय में भाजपा सरकार द्वारा विभिन्न सौगातें देकर अत्याधुनिक संसाधनों , उपकरणों से युक्त किया गया। तदोपरांत भी आम गरीब आदमी को इलाज सुलभ हो, यथा समय हो, इसके लिए प्रयास आवश्यक है।

### सनावद 100 और बेड़िया 50 बिस्तरीय करने का किया जा रहा प्रयास

विधायक ने कहा कि सनावद के शासकीय अस्पताल को सौ एवं बेड़िया के शासकीय अस्पताल को 50 बिस्तरीय करने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार बच्चों के कुपोषण की समस्या के समूल उन्मूलन और शासकीय अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध है।



भाजपा नेता जितेंद्र सुराणा ने कहा कि बच्चों में कुपोषण की समस्या के समाधान के लिए प्रदेश सरकार अनेक उपाय कर रही है। भाजपा नेता महिम ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र के कुपोषित बच्चों की चिकित्सा एवं देखरेख के लिए नवस्थापित पोषण पुनर्वास केंद्र वरदान सिद्ध होगा। सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष खुमानसिंह जाट, सांसद प्रतिनिधि निशांत सोनी, ब्रजेंद्र जोशी, बिट्टा भाटिया, अमरसिंह चौहान, गणेश पटेल, मिट्ठू भटिया, अशोक तिवारी, महेंद्रसिंह भाटिया, दीपक ठाकुर, रवि एरन, निखिलेश खंडेलवाल, संजय जैन, लखन गड़गोती, दिनेश कोठिया, एल्डरमैन विक्रांत कोठारी, अर्जुन केवट, गुलबीरसिंह भाटिया, कैलाश साहू, एसडीएम सत्यनारायण दर्रो, डॉ. राजेंद्र मिमरोट, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिल जैन, डॉ.यशवंत इंगला, डॉ.सुजीत यादव डॉ.राजेश मेड़ा, डॉ.बादल ओसारी, डॉ. मनोज निराले, डॉ.रोहित मंडलोई, डॉ. सूर्यप्रकाश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

# शासकीय सांदीपनि विद्यालय में लगा विधिक साक्षरता शिविर




**महेश्वर, निप्र ।** नगर के शासकीय विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में मादक पदार्थो के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ न्यायाधीशों द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

शिविर में मुख्य रूप से न्यायालय महेश्वर के न्यायाधीश अभिषेक साहू, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं दिव्या विश्वकर्मा अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति महेश्वर एवं व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड महेश्वर उपस्थित थे। न्यायाधीश दिव्या विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज इस कार्यक्रम का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य समाज को नशा मुक्त बनाना तथा लोगों को नशीले पदार्थो के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और अवैध ड्रग्स के वैश्विक कारोबार को रोकना है । कार्यक्रम के दौरान पेरा लीगल वालंटियर गिरीश पाटीदार ,कनक खान्डे एवं विद्यालय के शिक्षक राजकुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन दिए एवं बच्चों को नशे की लत से दूर रहने के लिए समझाइश दी । न्यायालय कर्मचारी रविंद्र शुक्ला द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया । शुक्ला ने कार्यक्रम के अंत में कविता पाठ किया। कार्यक्रम में न्यायालय कर्मचारी लक्ष्मण पांडे, राहुल यादव, नंदकिशोर रिजवे, चैन सिंह बामनिया, स्कूल स्टॉफ और अन्य उपस्थित थे ।

# 1 से 8 मोहर्रम तक 'शहादत नामा' प्रोग्राम का आखरी शहादत के बयान के साथ समापन

**कसरावद, निप्र ।** हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के सब्र, हक परस्ती और इंसाफ के पैगाम को आम किया जाएगा स्थित जामा मस्जिद मोहल्ले में मोहर्रम के मौके पर 1 मोहर्रम से 8 मोहर्रम तक 'शहादत नामा' प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है।

इस रूहानी प्रोग्राम में खुसूसी मेहमान के तौर पर धरमपुरी से नईम अख्तर साहब तशरीफ़ लाए हैं। वे रोजाना मजलिस को संबोधित कर रहे हैं और शहीदाने कर्बला की अज़ीम कुर्बानी पर तफसील से रोशनी डालकर इमाम हुसैन की शहादत का बयान किया। तकरीर के दौरान हक और बातिल के फर्क को बयान किया और हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के सब्र, हक परस्ती और इंसाफ के पैगाम को आम किया। पूरे आयोजन की जिम्मेदारी जामा मस्जिद की नौजवान कमेटी ने संभाली है। कमेटी के नौजवानो ने रोजाना तकरीर के आखिर में छबील का प्रोग्राम किया जाता था। शहीदाने करबला शहादत नामा का सिलसिला 8 दिन तक लगातार चलता रहा। अकीदतमंदों में प्रोग्राम को लेकर खासा उत्साह है। प्रोग्राम में सभी बच्चे बूढ़े नौजवान एवं महिलाओ ने भी शिरकत की। प्रोग्राम के आखिर में इमाम नईम अख्तर सब का फूल माला से इस्तकबाल किया। इस प्रोग्राम को नौजवान कमेटी के सदस्यों ने बखूबी जिम्मेदारी से अंजाम दिया।



# मलेरिया निरोधक माह के अंतर्गत पंचायत स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**गोगावा, निप्र ।** मेहरजा (ब्लाक गोगावा) में मलेरिया निरोधक माह के अंतर्गत पंचायत स्तरीय मलेरिया कार्यशाला सम्पन्न हुई।

बीएम ओ डॉ एहमद रजा खान के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में मलेरिया निरीक्षक अशोक कुशवाह ने बताया कि वर्षाकाल में मच्छरों से बचाव कर आने वाले वर्ष में हम जानलेवा मलेरिया रोग से मुक्ति पा सकते है,यदि घर मे रखा कूलर प्रयोग में नही लाया जा रहा हैं तो उसमें पानी न भरे। हैडपम्प व नल के आसपास पानी जमा न होने दे , घर व आसपास कही भी पानी का जमाव न हो, सीएचओ खुशबू कुशवाह ने बताया कि कोई सा भी बुखार मलेरिया हो सकता हैं, बुखार आने पर स्वास्थ्य सस्था या ग्राम की आशा कार्यकर्ता से अपने खून की जांच अवश्य कराए । एएनएम रजनी पटेल ने उपस्थित ग्रामवासियों को ग्राम को मलेरिया मुक्त रखने की शपत दिलाई आशा कार्यकर्ता कुसुम दवाने ने घर घर जाकर लार्वा सर्वे किया व ग्राम में बने पशु हौज को खाली कर सुखाकर पानी भरने की सलाह ग्रामीणों को दी साथ ही हर गली में 'हर रविवार, मच्छर पर वार' ग्राम में नारा लेखन व पम्पलेट बाटकर ग्रामीणजनों को जागरूक किया। कार्यशाला में अध्यक्ष महिला मंडल सहित कई महिलाएं उपस्थित रही।



# खरगोन में झमाझम, दो इंच हुई बारिश



**खरगोन, निप्र ।** जिले में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार इंद्रदेव मेहरबान हुए। बुधवार- गुरुवार को रात भर हुई झमाझम बारिश से पूरा क्षेत्र तरबतर हो गया। एक ही रात में जिले में औसतन दो इंच (55.70 मिमी) बारिश दर्ज की गई। गत वर्ष इस दिनों तक तक 3.3 इंच बारिश दर्ज की गई थी।

बारिश से सूखे पड़े नदी-नालों में एक बार फिर पानी बह निकला। मौसम में ठंडक घुल गई, जिससे वातावरण खुशनुमा हो गया। लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश के आंकड़ों में फिलहाल खरगोन तहसील ही आगे चल रही है। सबसे कम बारिश बड़वाह तहसील में महज 11 मिमी दर्ज की गई है। शहरवासियों ने भी सुबह जागने पर सुहावने मौसम का आनंद लिया।

# एक दिवसीय पैरा लीगल वॉलिंटियर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**कसरावद, निप्र ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय मंडलेश्वर द्वारा 24 जून को एडीआर सेंटर भवन में एक दिवसीय पैरा लीगल वॉलिंटियर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले भर के पैरा लीगल वॉलिंटियर्स ने भाग लेकर विधिक सेवा एवं जनजागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विधिक सहायता, न्याय तक आमजन की पहुंच, सामाजिक न्याय तथा विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को अधिक प्रभावी ढंग से समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों तक विधिक सहायता पहुंचाने के लिए प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर अखिलेश जोशी, न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रीति जैन तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। नगर के पैरा लीगल वॉलिंटियर देवदत्त एक्कल को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस उपलब्धि पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष नवीन कुमार जोशी, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष अश्विन कुमार जोशी, बार एसोसिएशन उपाध्यक्ष बृजेश कुमार व्यास तथा समाजसेवी अजय मंडलोई ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।




# नगर पालिका ने ढहाया जर्जर मकान, 29 मकानों पर लगा निशान

**खरगोन, निप्र ।** नगर पालिका ने आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए शहर में स्थित जीर्ण-शीर्ण मकानों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। नगर पालिका ने ऐसे कुल 29 मकानों को चिन्हित किया है, जो बारिश के दौरान कभी भी धराशायी होकर जान-माल का नुकसान पहुंचा सकते हैं। नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते ने बताया शहर में चिन्हित किए गए मकानों के मालिकों को पहले नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें उन्हें स्वयं अपने मकानों को सुरक्षित रूप से ध्वस्त करने का निर्देश दिया गया था। नोटिस की अवधि समाप्त होने और मकान मालिकों द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर नगर पालिका ने गुरुवार से अब स्वयं इन मकानों को ढहाना शुरू किया है। गुरुवार को बिरला मार्ग पर एक वर्षों पुराने जर्जर मकान को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया गया। इसके अलावा माली मोहल्ला और श्रीकृष्ण टॉकीज तिराहे पर खड़े जर्जर मकानों को भी तोड़ा गया। यह कार्रवाई शहरवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है। बारिश के मौसम में पुराने और कमजोर मकानों से बड़ा खतरा उत्पन्न होता है।



# मुस्लिम युवाओं ने की नाजिया इलाही पर रासुका की मांग

**खरगोन, निप्र ।** अपने बयानों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाली एडव्होकेट नाजिया इलाही इस बार गंभीर आरोपों में घिरती नजर आ रही है। सोशल मीडिया पर इस्लाम के आखरी नबी मोहम्मद साहब पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश है।

गुरुवार को मुस्लिम समाज के युवाओं ने इलाही की टिप्पणी को नबी साहब की शान में गुस्ताखी करार देते हुए रासुका लगाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। एसडीएम कार्यालय पहुंचे मुस्लिम समाज के युवाओं ने ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया है कि इलाही की टिप्पणी नाकाबिले बर्दाश्त है। एडवोकेट शाहरुख मिर्जा का कहना है कि नाजिया इलाही आए दिन इस्लाम ओर मुसलमानों पर आपत्तिजनक एवं अभद्र टीका टिप्पणी करती रहती है। धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने का प्रयास करने वाली इलाही पर रासुका जैसी कार्रवाई की जाए, जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान जाबिर शेख, शाकिर अली सैयद, सुल्तान भुट्टो, शारिक शेख, जरजिस खान, तोशिब अली सैयद, सनव्वर मिर्ज़ा आदि युवा उपस्थित थे।




### एक नजर में

### 28 जून से शुरू होगा तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

# पल्स पोलियो जागरूकता के लिए वाहन रैली का आयोजन

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र ।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 2026 के सघन प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से 25 जून 2026 को जागरूकता वाहन रैली का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलत सिंह चौहान ने पुराना अस्पताल परिसर से हरी झंडी दिखाकर वाहन रैली को रवाना किया। यह रैली पुराना अस्पताल परिसर से प्रारंभ होकर एमजी रोड, श्रीकृष्ण टॉकीज, बस स्टैंड, गायत्री मंदिर होते हुए जिला चिकित्सालय पहुंची। रैली में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलत सिंह चौहान ने कहा कि भारत देश पोलियो मुक्त हो चुका है, लेकिन हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में अभी भी पोलियो के प्रकरण पाए जा रहे हैं। ऐसे में बच्चों को समय पर पोलियो रोधी खुराक पिलाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार का खतरा उत्पन्न न हो। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. धीरेंद्र पंवार ने बताया कि 28, 29 एवं 30 जून 2026 को सम्पूर्ण जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान संपादित किया जाएगा। पाँच वर्ष तक के कुल 2,55,093 बच्चों को पोलियो रोधी दवाई पिलाई जाएगी। अभियान की सफलता के लिए सभी अग्रिम तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले में कुल 2040 बूथ एवं 61 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है। इसके लिए 4190 कार्यकर्ताओं द्वारा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही सेवाओं की गुणवत्ता एवं निरंतरता बनाए रखने के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर 229 पर्यवेक्षकों के दल गठित किए गए हैं। अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. धीरेंद्र पंवार द्वारा व्यक्त किया गया। अंत में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलत सिंह चौहान नेे बूथ पर ले जाकर पोलियो रोधी खुराक अवश्य पिलवाएं।



# विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

**खरगोन, निप्र ।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशानुसार 25 जून 2026 को विकासखंड भीकनगांव स्थित शासकीय उत्कृष्ट बालक छात्रावास में एसडीएम श्री लोकेश छापरे के मार्गदर्शन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य मानवीय सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा। शिविर के शुभारंभ अवसर पर एसडीएम श्री लोकेश छापरे एवं तहसीलदार श्री रविंद्र चौहान द्वारा स्वयं रक्तदान कर समस्त विभागों एवं आमजन का उत्साहवर्धन किया गया। स्वास्थ्य विभाग प्रमुख डॉ. विजय वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिकारियों के प्रेरक उदाहरण से शिविर में व्यापक सहभागिता देखने को मिली, जिसके परिणामस्वरूप कुल 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस सेवा अभियान में राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद भीकनगांव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने रक्तदान कर पूर्ण सहयोग प्रदान किया। साथ ही भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों तथा लायंस क्लब भीकनगांव के सदस्यों द्वारा भी रक्तदान कर विशेष योगदान दिया गया। शिविर के सफल संचालन में जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक की टीम एवं सीएचसी भीकनगांव के कर्मचारियों ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों द्वारा सभी रक्तदाताओं, सहयोगी विभागों एवं सामाजिक संगठनों का आभार व्यक्त किया गया।

# जैतापुर में युवक ने की आत्महत्या

**खरगोन, निप्र ।** जैतापुर थाना क्षेत्र में एक 24 वर्षीय युवक राज कुशवाह ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने युवा बेटे की मौत का जिम्मेदार एक वाहन मालिक को ठहराया है। परिजनों ने एक वाहन मालिक पर प्रताड़ित करने और वेतन नहीं देने के गंभीर आरोप लगाए है। जिला अस्पताल में पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। मृतक के पिता गजेन्द्र सिंह कुशवाह और चाचा राजेन्द्र सिंह कुशवाह ने आरोप लगाया कि राज पिछले कई महीनों से एक प्रतिष्ठित समाज के व्यक्ति के यहां काम कर रहा था, लेकिन उसे नियमित वेतन नहीं दिया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, वाहन मालिक सराफा कारोबारी होकर मृतक राज पर पांच लाख रुपये देने का दबाव बना रहा था, जबकि वाहन का बीमा क्लेम मिल चुका था। परिजनों ने बताया कि गाड़ी धोने के दौरान वाहन का पहिया नाली में उतरने की घटना के बाद सोहन महाजन ने राज के साथ गाली-गलौज की और उसे धमकाया था। इसी बात से वह मानसिक तनाव में था। परिजनों का आरोप है कि लगातार प्रताडना और दबाव के कारण राज अवसाद में चला गया और उसने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजन अब वाहन मालिक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी गटाराम सोलंकी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। जैतापुर पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।